द्वारा – ईमेल

राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर

(सी–7ए, सुल्तान हाऊस, सवाई जयसिंह हाईवे, जयपुर।)
Website : rajasthanparamedicalcouncil.org, Contact : 0141-2973804, 2988946

क्रमांकःपैरामेडिकल.कौ / परीक्षा–कंडक्ट / 2023 / 4545 दिनांकः 28/2/2023

प्रधानाचार्य,
समस्त सम्बद्ध पैरामेडिकल कॉलेज / संस्थान,
राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल,
जयपुर, राजस्थान।

विषयः– राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर के डिप्लोमा कोर्सेज शैक्षणिक प्रथम वर्ष सत्र 2020–21 मुख्य सैद्धान्तिक परीक्षा एवं प्रथम वर्ष सत्र 2019–20 रिमाण्डेड / पूरक परीक्षा **माह–मार्च–2023** की परीक्षाओं के ऑनलाईन आवेदन पत्र भरवाये जाने के सम्बन्ध में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल के डिप्लोमा कोर्सेज के शैक्षणिक प्रथम वर्ष सत्र 2020–21 मुख्य सैद्धान्तिक परीक्षा एवं प्रथम वर्ष सत्र 2019–20 रिमाण्डेड / पूरक परीक्षा **माह–मार्च–2023** के आयोजन हेतु सन्दर्भित पत्र के माध्यम सें ऑन–लाईन आवेदन भरने की नवीन तिथियॉ, शुल्क एवं महाविद्यालय के स्तर से किये जाने वाले कार्यो की निर्धारित तिथियॉ निम्नानुसार की जाती हैः–

क्रसं.	परीक्षा का विवरण	दिनांक	राशि
1	प्रथम वर्ष सत्र 2020–21 मुख्य सैद्धान्तिक परीक्षा एवं प्रथम वर्ष सत्र 2019–20 रिमाण्डेड / पूरक परीक्षा **माह–मार्च–2023** के ऑन–लाईन परीक्षा आवेदन फार्म भरने की तिथियॉ (साधारण शुल्क के साथ)	01.03.2023 से 05.03.2023 तक (05 दिवस)	प्रथम वर्ष मुख्य सैद्धान्तिक परीक्षा शुल्क – 2000 / – रूपये। प्रथम वर्ष रिमाण्डेड / पूरक परीक्षा शुल्क – 1000 / – रूपये।
2	ऑन–लाईन आवेदन फार्म भरने की तिथियॉ (विलम्ब शुल्क के साथ)	06.03.2023 से 08.03.2023 तक (03 दिवस)	प्रथम वर्ष मुख्य सैद्धान्तिक परीक्षा शुल्क – 2000 / – रूपये एंव विलम्ब शुल्क – 200 / – रूपये = कुल 2200 / – प्रथम वर्ष रिमाण्डेड / पूरक परीक्षा शुल्क – 1000 / – रूपये एवं विलम्ब शुल्क – 200 / – रूपये = कुल 1200 / – रूपये।
3	ऑन–लाईन आवेदन फार्म भरने की तिथियॉ (डबल परीक्षा शुल्क के साथ)	09.03.2023 (01 दिवस)	प्रथम वर्ष मुख्य सैद्धान्तिक परीक्षा शुल्क – 2000+2000 = 4000 / – रूपये। प्रथम वर्ष रिमाण्डेड / पूरक परीक्षा शुल्क – 1000+1000 / – रूपये = कुल 2000 / – रूपये।
4	कॉलेज / संस्थान द्वारा ऑन–लाईन आवेदन फार्म वेरिफाई करने की अन्तिम तिथि	01.03.2023 से 11.03.2023 तक (11 दिवस)	——
5	कॉलेज / संस्थान द्वारा ऑन–लाईन आवेदन फार्म की सत्यापित सूची, हार्ड प्रति में राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर कार्यालय में जमा करवाने की अन्तिम तिथि।	13.03.2023 से 14.03.2023 तक (02 दिवस)	——

प्रथम वर्ष सत्र 2020–21 मुख्य सैद्धान्तिक परीक्षा एवं प्रथम वर्ष सत्र 2019–20 रिमाण्डेड / पूरक परीक्षा **माह–मार्च–2023** के ऑन–लाईन परीक्षा आवेदन फार्म भरने की तिथियॉ (साधारण शुल्क के साथ) के अभ्यर्थियों

राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर

(सी–7ए, सुल्तान हाऊस, सवाई जयसिंह हाईवे, जयपुर।)

Website : rajasthanparamedicalcouncil.org, Contact : 0141-2973804, 2988946

को कॉलेज/संस्थान अपने स्तर से ऑन–लाईन परीक्षा आवेदन फॉर्म भरने की जानकारी से तुरन्त अवगत करावें, कॉलेज/संस्थान के नोटिस बोर्ड पर सूचना चस्पा करें।

कॉलेज/संस्थान द्वारा ऑन–लाईन आवेदन फार्म की सत्यापित सूची व ऑनलाईन आवेदन पत्र की हार्ड प्रति (कॉलेज/संस्थान जिन्होंने पूर्व में आवेदन फॉर्म की सत्यापित सूची कौंसिल कार्यालय में जमा करवा दी है वे भी अपनी रिवाइज्ड सत्यापित सूची, हार्ड प्रति) में राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर कार्यालय में व्यक्तिशः/प्रतिनिधि द्वारा जमा करवाने की अन्तिम तिथि 14.03.2023 सायं 05:00 बजे तक जमा करवाया जाना सुनिश्चित करें।

निर्धारित तिथि एवं समय उपरान्त राशि रूपयें 5000/– की शास्ति, तत्पश्चात् 1000/– रूपयें प्रति कार्यालय दिवस, शास्ति जोड़ते हुए, आरोपित की जायेगी। उक्त दिनांक तक भी यदि किसी कॉलेज/संस्थान द्वारा उपरोक्त निर्देशों की पालना नहीं की जाती है तो सम्बन्धित कॉलेज/संस्थान के अभ्यर्थियों के प्रवेश–पत्र जारी नहीं किये जायेगें, जिसके लिये कॉलेज/संस्थान स्वयं जिम्मेदार होगा।

परीक्षा आवेदन पत्र ऑन–लाईन भरने सम्बन्धी दिशा–निर्देश तथा परीक्षा आवेदन पत्र ऑन–लाईन पद्धति के माध्यम से वेबसाइट **http://www.rpcraj.net** पर उपलब्ध हैं।

समस्त सम्बद्ध पैरामेडिकल कॉलेज/संस्थान, निम्नांकित दिशा–निर्देशों की भी अनुपालना सुनिश्चित करेः:–

1. **समस्त संस्थान/महाविद्यालय प्रथम वर्ष सत्र 2020–21 मुख्य सैद्धान्तिक परीक्षा एवं प्रथम वर्ष सत्र 2019–20 रिमाण्डेड/पूरक परीक्षा माह–मार्च–2023 के ऑनलाईन आवेदन पत्र संस्थान की देख–रेख में ही भरे जावें, जिससे छात्रों द्वारा त्रुटियां ना हो।**
2. **फार्म में लगने वाले फोटो छः माह से अधिक पुराने न हो व फोटो पर, फोटो लेने की दिनांक अंकित हो।**
3. **संस्थान/महाविद्यालयों पर प्रत्येक दिवस भरे गयें ऑनलाईन आवेदन पत्र को यथा सम्भव उसी दिवस सायं को Not Eliglible या Eligible & Verified करें।**

इस सन्दर्भ में लेख है कि Verified करने की अन्तिम दिनांक 11.03.2023 निर्धारित की गयी है, इस दिनांक के पश्चात् कौंसिल स्तर पर भी किसी भी प्रकार का परिवर्तन नही किया जायेगा। छात्रों को होने वाले विपरीत प्रभाव की समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित संस्थान की होगी।

(कैलाश नारायण मीना)
आर.ए.एस.
रजिस्ट्रार

क्रमांकःपैरामेडि.कौ/परीक्षा–कंडक्ट/2023/4545 दिनांकः 28/2/2023

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. अध्यक्ष, राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर।
2. परीक्षा सलाहकार, राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर।
3. परीक्षा शाखा/गोपनीय शाखा के सम्बन्धित कर्मचारी, राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर।
4. प्रभारी सर्वर रूम को प्रेषित कर वेबसाईट पर आज ही अपलोड करावें।
5. रक्षित पत्रावली।

28/2/23
(परीक्षा नियंत्रक)
राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल,
जयपुर।